रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड ( भारत सरकार का उपक्रम )
RailTel Corporation of India Ltd. ( A government of India Enterprise)
www.railtelindia.com

दिनांक-18.04.2022

**प्रेस विज्ञप्ति**

*********

**रेलटेल रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) में मल्टी-प्रोटोकॉल लेबल स्विचिंग (एमपीएलएस)-वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (वीपीएन) (MPLS VPN) की इंस्टालेशन के लिए 11.57 करोड़ रुपये के ऑर्डर को निष्पादित करेगा।**

**आरवीएनएल की 33 लोकेशनों पर एमपीएलएस वीपीएन नेटवर्क सेवाएं रेलटेल द्वारा स्थापित और मेन्टेन की जाएंगी**

**एमपीएलएस वीपीएन, एमपीएलएस बैकबोन का उपयोग करके कई किस्म के नेटवर्क ट्रैफ़िक को ट्राँसपोर्ट एवं रूट करने की, एक लचीनी व्यवस्था है।**

**एमपीएलएस वीपीएन नेटवर्क उत्पादकता बढ़ाने की दिशा में योगदान दे रहा है और कुल परिचालन प्रक्रियाओं में तालमेल बिठाने में मदद कर रहा है: श्री पुनीत चावला, सीएमडी/रेलटेल।**

*****

रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया, जो रेल मंत्रालय के अंतर्गत केन्द्रीय सरकार का एक मिनी रत्न सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है को देश भर में आरवीएनएल के 33 स्थानों पर मल्टी-प्रोटोकॉल लेबल स्विचिंग (MPLS)-वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (VPN) की स्थापना के लिए रेल विकास निगम लिमिटेड (RVNL) से 11.57 करोड़ रुपये का वर्क आर्डर प्राप्त हुआ है। रेलटेल एक प्रमुख सूचना और संचार प्रौद्योगिकी (ICT) प्रदाता है और देश के सबसे बड़े तटस्थ दूरसंचार अवसंरचना प्रदाताओं में से एक है, जिसके पास रेलवे ट्रैक के किनारे-किनारे एक्सक्लूसिव राइट ऑफ वे (ROW) पर 61000 किलोमीटर से अधिक का अखिल भारतीय ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क है। आरवीएनएल भी केन्द्र सरकार का रेल मंत्रालय के अंतर्गत एक फेलो मिनी रत्न सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम है। RVNL फास्ट ट्रैक आधार पर रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर की क्षमता के सृजन एवं संवर्धन के लिए रेलवे से संबद्ध परियोजनाओं की योजना, विकास, रिसोर्स मोबिलाइजेशन और कार्यान्वन करता है।

आरवीएनएल की 33 लोकेशनों पर एमपीएलएस वीपीएन नेटवर्क सेवाएं रेलटेल द्वारा सृजित और मेन्टेनेन्स की जाएंगी। यह 5 वर्ष की अवधि के लिए किया जाएगा। रेलटेल 24x7 ग्राहक सपोर्ट मुहैया कराएगा।

एमपीएलएस वीपीएन एमपीएलएस बैकबोन का उपयोग करके कई प्रकार के नेटवर्क ट्रैफ़िक को ट्राँसपोर्ट और रूट करने की एक लचीली विधि है। इन सेवाओं को अब अधिक महत्व दिया जा रहा है क्योंकि उपक्रम अब क्लाउड-आधारित एप्लीकेशन्स को अधिक महत्व दे रहें हैं। एमपीएलएस पर आधारित वीपीएन अपनी इन्हेरेंट सिक्योरिटी विशेषताओं, स्केलेबिलिटी, इन्फ्रास्ट्रक्चर की अधिक मात्रा में उपलब्धता, ट्रैफिक को प्राथमिकता देने की क्षमता आदि के कारण क्लाउड-आधारित सेवाओं से जुड़ने के लिए एक उत्कृष्ट विकल्प है। यह सार्वजनिक इंटरनेट की तुलना में अधिक विश्वसनीय और सुरक्षित है और क्लाउड से जुड़ने का एक इष्टतम विकल्प हैं।

यह एमपीएलएस वीपीएन नेटवर्क आरवीएनएल कार्यालयों को अधिक सुरक्षित, कुशल, पारदर्शी बनाकर और उनकी उन्नत उत्पादकता में योगदान देकर उनके डिजिटलीकरण में मदद करेगा।

इसके बारे में बात करते हुए श्री पुनीत चावला, सीएमडी/रेलटेल ने कहा, "रेलटेल के पास अखिल भारतीय उच्च क्षमता OFC नेटवर्क हैं और इसका इस्तेमाल करके रेलटेल MPLS VPN की सेवाएं दे रहा है। एमपीएलएस वीपीएन नेटवर्क उत्पादकता बढ़ाने और कुल परिचालन प्रक्रियाओं को तालमेल बिठाने में सहयोग कर रहा है। एमपीएलएस वीपीएन के उपयोगकर्ताओं को उनकी इंटरनेट कनेक्टिविटी के लिए हाई क्वालिटी ऑफ सर्विस (QoS) का आश्वासन रहता है। और इसके परिणामस्वरूप, क्लाउड पर चलने वाले ऐप्स और सॉफ़्टवेयर निर्बाध रूप से कार्य करते हैं। चूंकि उद्यम क्लाउड आधारित एप्लिकेशन और सेवाओं की ओर रुख कर रहे हैं, एमपीएलएस वीपीएन उन्हें बेहतर सुरक्षा के साथ जोड़ने का सबसे अच्छा माध्यम है। चूंकि सभी उद्यमों में डिजिटलीकरण पर जोर दिया गया है, अतः हम आशा करते हैं कि इस तरह की सेवाओं से राजस्व में और वृद्धि होगी। रेलटेल कोल इंडिया लिमिटेड की सभी सहायक कंपनियों के विभिन्न स्थानों पर एमपीएलएस वीपीएन नेटवर्क सेवाएं भी बड़े पैमाने पर उपलब्ध करा रहा है। एमपीएलएस वीपीएन के अलावा, रेलटेल अपने ग्राहकों को इंटरनेट लीज लाइन (ILL) सेवाएं, इंटरनेट बैंडविड्थ, सीसीटीवी क्रियान्वयन, एचडी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, लॉन/ वॉन(LAN/WAN) कनेक्टिविटी सलूशन आदि भी उपलब्ध कराता है।।

**रेलटेल के बारे में:**

रेलटेल, रेल मंत्रालय के अंतर्गत एक "मिनी रत्न (श्रेणी- I)" केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम, जो देश के सबसे बड़े तटस्थ दूरसंचार अवसंरचना प्रदाताओं में से एक है, जिसके पास देश के कई कस्बों, शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों को कॅवर करने वाला एक अखिल भारतीय ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क है। ऑप्टिक फाइबर के 61000 से अधिक रूट किलोमीटर के एक मजबूत विश्वसनीय नेटवर्क के साथ, रेलटेल के पास दो इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) को पैनल वाले टियर III डेटा सेंटर भी हैं। अपने अखिल भारतीय उच्च क्षमता नेटवर्क के साथ, रेलटेल विभिन्न फ्रंटों पर एक नॉलेज सोसाइटी बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है और इसे दूरसंचार क्षेत्र में भारत सरकार की विभिन्न मिशन-मोड परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए चुना गया है। रेलटेल एमपीएलएस-वीपीएन, टेलीप्रेजेंस, लीज्ड लाइन, टॉवर को-लोकेशन, डाटा सेंटर सेवाएं आदि जैसी सेवाओं का एक समूह उपलब्ध कराता है। रेलटेल देश भर के रेलवे स्टेशनों पर सार्वजनिक वाई-फाई उपलब्ध कराकर रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में बदलने के लिए भारतीय रेलवे के साथ भी कार्य कर रहा है और कुल 6100 स्टेशन रेलटेल के रेलवॉयर वाई-फाई के साथ लाइव हैं।

**अधिक जानकारी के लिए:**

sucharita@railtelindia.com